कार्यालय जिलाधिकारी, बरेली।

संख्या 41 /रा0सहा0—11

दिनांक 23 सितम्बर, 2011

संयुक्त शिक्षा निदेशक,
बरेली मण्डल,
बरेली।

उपर्युक्त प्रबन्धक, नालान्दा पब्लिक स्कूल डोहरा रोड बरेली ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 18.05.2011 के द्वारा विद्यालय को सी0बी0एस0ई0 से सम्बद्धता हेतु नेशनल बिल्डिंग कोड—2005 के अनुरूप भवन की उपयुक्तता के संबंध में प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुरूप भवन की उपयुक्तता के संबंध में प्रमाण पत्र निर्गत करने के दृष्टिगत आख्या उप जिलाधिकारी सदर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बरेली, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड भवन लो0नि0वि0 बरेली से आख्याएं प्राप्त की गयी।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी बरेली ने अपनी आख्या दिनांक 16.06.2011 में अंकित किया है कि विद्यालय भवन का मानचित्र के अनुसार अग्निशमन अधिकारी बरेली से परीक्षण कराया गया तो उनकी निरीक्षण आख्या दिनांक 14.06.2011 के अनुसार प्रश्नगत स्थल 12 मीटर चौडी सडक के किनारे स्थित है जहां अग्निशमन वाहन आसानी से आ—जा सकते है। प्रश्नगत विद्यालय भवन का मुख्य द्वार 4.5 मीटर चौडा है। प्रश्नगत स्कूल भवन का कुल प्लाट एरिया 6660.00मी0 कवर्ड एरिया भूतल 1499.79 वर्गमी0 कवर्ड एरिया प्रथम तल 1518.09वर्गमी0 एकाडमी ब्लाक का प्रस्तावित कवर्ड एरिया द्वितीय तल 825.77वर्गमी0 तथा ओपन एरिया 6160.31वर्गमी0 है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन के सैटबैक व स्टेयरकेस भवन निर्माण एवं विकास उपविधि—2008 के अनुरूप पाये गये। विद्यालय के भूतल एवं प्रथम तल पर अग्निसुरक्षा व्यवस्थाएँ मानकों के अनुरूप है तथा द्वितीय तल पर भवन के निमार्णोपरांत अग्निसुरक्षा व्यवस्थाएं आवेदक द्वारा पूर्ण करायी जायेगी।

अतः अग्निशमन अधिकारी बरेली की संस्तुति आख्या को दृष्टिगत रखते हुए आवेदक को ग्राम मोहनपुर खेत संख्या 1, 4, 5, 11 व 12 मु0आर0एफ0 रामनगर डोहरा लालपुर रोड जनपद बरेली स्थित नालन्दा पब्लिक स्कूल डोहरा लालपुर रोड बरेली को अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है कि विद्यालय भवन के द्वितीय तल पर प्रचलित निर्माण कार्य को निर्माण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि—2008 के अनुरूप कराकर अग्निसुरक्षा व्यवस्थाऐं मानकों के अनुरूप स्थापित कर उनका निरीक्षण परीक्षण अग्निशमन विभाग से कराकर स्थाई अग्निशमन अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निर्गत किया जा रहा अस्थाई अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड भवन लो0नि0वि0 बरेली ने अपने पत्र संख्या 2978/1सी दिनांक 19.07.2011 में अंकित किया है कि निरीक्षण के क्रम में प्रशासनिक ब्लाक के भूतल तथा शैक्षिक ब्लाक के भूतल का कार्य पूर्ण पाया गया। शैक्षिक ब्लाक के प्रथम तल पर स्थित ड्राइंग हाल तथा लाईब्रेरी जो कि भवन के पीछे के भाग में स्थित है, का कार्य प्रगति में है। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया है कि अब तक के कराये गये कार्य नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुरूप सुरक्षित है।

उप जिलाधिकारी, सदर ने अपनी आख्या पत्रांक 455/एस0टी0—2011 दिनांक 13.09.2011 में तहसीलदार सदर की आख्या दिनांक 24.08.2011 को संस्तुति सहित अग्रसारित किया है जिसमें अंकित किया है कि व दिनांक 13.09.2011 निम्नवत् है:—

1. नालन्दा पब्लिक स्कूल डोहरा रोड के ग्राम मोहनपुर उर्फ रामनगर के गाटा संख्या 1मि0 क्षेत्रफल 0.142है0 व गाटा संख्या 4 क्षेत्रफल 0.168है0 व गाटा संख्या—5 क्षेत्रफल 0.168है0 में निर्माणाधीन है।
2. संलग्न खतौनी से संलग्न है कि उक्त स्कूल का स्वामित्व श्री गोपाल चन्द अग्रवाल पुत्र श्री राम औतार अग्रवाल निवासी 171 बजरिया पूरनमल बरेली के अधिकार में है।

✓

3. उक्त स्कूल ग्राम समाज सम्पत्ति से बाधित नहीं है।

4. नालान्दा पब्लिक स्कूल डोहरा लालपुर मार्ग पर स्थित है।

5. गाटा संख्या 1मि0/0.142है0, 4/0.168है0, 5/0.168है0 पर धारा 143 का डिक्लरेशन हो चुका है।

6. उक्त भूमि नगर पालिका अथवा वक्फ से संबंधित नहीं है।

7. उक्त भूमि ग्रामीण सीलिंग एवं नगर सीलिंग से प्रभावित नहीं है।

8. वन विभाग के पेड़ प्रभावित नहीं है।

9. संलग्न खतौनी से भूमि बन्धक नहीं है।

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड भवन लो0नि0वि0 बरेली की जांच आख्या पत्रांक 2978/2सी दिनांक 29.07.2011 के अनुसार अब तक कराये गये कार्य को सी0बी0एस0ई0 नईदिल्ली की सम्बद्धता के लिए नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 के अनुरूप होने का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। शासन द्वारा समय-समय पर जारी किये गये समस्त शासनादेशों एवं उ0प्र0रोड साईड लैण्ड कन्ट्रोल एक्ट 1945 एवं नेशनल बिल्डिंग कोड के अतंर्गत नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

(राधे श्याम मिश्रा)
अपर जिलाधिकारी(प्रशा0)
बरेली।

प्रतिलिपि प्रबंधक/नालान्दा पब्लिक स्कूल डोहरा रोड़, जिला बरेली।

अपर जिलाधिकारी(प्रशा0)
बरेली।